बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-489
02/10/2021

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लाल बाहदुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें नमन किया गया

पटना, 02 अक्टूबर 2021 :– भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लाल बाहदुर शास्त्री की जयंती आज राज्य में पूरे हर्ष एवं उल्लास के साथ मनायी गयी तथा उनकी जीवनी से प्रेरणा लेकर राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया।

पटना में राजकीय जयंती समारोह का आयोजन शास्त्रीनगर पार्क में आयोजित किया गया। राज्यपाल श्री फागू चौहान, मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद, पथ निर्माण मंत्री श्री नितिन नवीन, विधायक श्री संजीव चौरसिया, विधान पार्षद श्रीमती कुमुद वर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने स्व0 लाल बहादुर शास्त्री की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर प्रमण्डलीय आयुक्त श्री संजय कुमार अग्रवाल, पुलिस महानिरीक्षक पटना रेंज श्री संजय सिंह, जिलाधिकारी श्री चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री उपेन्द्र शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग द्वारा आरती–पूजन एवं देश भक्ति गीतों का गायन भी किया गया।

******